बर्दवान


॥ श्री हरिः ॥

# सन्मार्ग

॥ नमोऽस्तु रामाय सलक्ष्मणाय देव्यै च तस्यै जनकात्मजायै नमोऽस्तु रुद्रेन्द्रयमानिलेभ्यो नमोऽस्तु चन्द्रार्कमरुद्गणेभ्यः ॥

बर्दवान, शनिवार, 29 जनवरी 2022

बंगाल से प्रकाशित पूर्वी भारत का सर्वाधिक प्रसारित हिन्दी दैनिक www.sanmarg.in



दिल्ली में रोका गया अखिलेश का हेलीकॉप्टर, आरोप : यह भाजपा की साजिश
पेज 7



# डीपीएस आसनसोल के प्रो वाइस चेयरपर्सन का निधन



**आसनसोल :** दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल के प्रो-वाइस चेयरपर्सन रमेश प्रसाद गोयनका का शुक्रवार को निधन हो गया। वे गत एक वर्ष से कैंसर से जूझ रहे थे तथा टाटा कैंसर अस्पताल मुंबई में इलाजरत थे। पिछले कुछ दिनों से उनकी हालत गंभीर बनी हुई थी। दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल परिवार के लिए यह आपूरणीय क्षति है। विद्यालय परिसर में आयोजित शोकसभा में समस्त कर्मचारियों ने रमेश प्रसाद गोयनका के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की।